No. of Printed Pages/Questions: 2/4

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – III (Round – I) 2025 – 2026

Class -9 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: ____________ Roll No.:_________

***General Instructions:*** ***All questions are compulsory.***

**प्र0 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X4=4)**

बबूल का बीज बोकर आम के पेड़ की आशा नहीं की जा सकती। बच्चे के अंतःकरण में रोपा गया बीज प्रस्फुटित होकर समाज हित में कोई फल देता है, वह उसके संस्कारी होने का प्रतीक है। संस्कार उस नींव का नाम है, जिस पर व्यक्तित्व की इमारत खड़ी होती है। हर माँ–बाप चाहते हैं कि उनकी संतान उनकी अपेक्षा के अनुसार बने; परंतु कई बाहरी परिस्थितियाँ, सांस्कृतिक प्रदूषण, उपभोक्ता संस्कृति जैसे कारक आज की युवा पीढ़ी एवं बच्चों को अपनी गिरफ्त में लिए हुए हैं। खान–पान, रहन–सहन, तौर–तरीके, चिंतन–मनन, सभी क्षेत्रों में पाश्चात्य संस्कृति एवं सभ्यता हावी होती जा रही है। बच्चे उपदेश से नहीं, अनुकरण से सीखते हैं। बालक की प्रथम गुरु माता अपने बालक में आदर, स्नेह एवं अनुशासन जैसे गुणों का सिंचन अनायास ही कर देती है। परिवार रूपी पाठशाला में बच्चा अच्छे और बुरे का अंतर समझने का प्रयास करता है। आज–कल परिवार में माता–पिता, दोनों की व्यस्तता के कारण बच्चों में धैर्यपूर्वक सुसंस्कारों का सिंचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य उपेक्षित हो रहा है। कदाचित माता–पिता भौतिक सुख–साधन उपलब्ध कराकर बच्चों को सुखी और खुश रखने की कल्पना करने लगे हैं इस भ्रांतिमूलक तथ्य को जानना होगा, अच्छा संस्कार रूपी धन ही बच्चों के पास छोड़ने का मन बनाना होगा।

I **बालक की प्रथम गुरु उसकी माता उसमें किन गुणों का सिंचन करती है?**

(क) आदर (ख) अनुशासन

(ग) स्नेह (घ) उपर्युक्त सभी

II कथन (A) कभी–कभी संतानें माँ–बाप की अपेक्षा के अनुसार नहीं बन पाती हैं।

कारण (R) वे बाहरी परिस्थितियों, सांस्कृतिक प्रदूषण, उपभोक्ता संस्कृति की गिरफ्त में आ जाती हैं।

**उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सबसे सटीक विकल्प चुनिए –**

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) सही नहीं है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

**III** **पाश्चात्य संस्कृति एवं सभ्यता समाज के किन क्षेत्रों पर हावी होती जा रही है?**

(क) खान–पान (ख) गैर–तरीके

(ग) चिंतन–मनन (घ) उपर्युक्त सभी

**IV** **बच्चों में सुसंस्कारों के सिंचन का प्रयास क्यों उपेक्षित हो रहा है?**

**प्र0 2 वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X4=4**

I 'संसार में सभी सुखी हो जाएँ।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

II 'चक्कर लगाने से जूता फटता है।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

III 'आप इस महल की रक्षा करो।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए।

IV 'विजय सिंह जानवरों की देखभाल करते थे।' प्रस्तुत वाक्य को संकेतवाचक वाक्य में बदलिए।

V 'रोहन! तुम रोज पढ़ने आया करो।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

**प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए– 2X3=6**

I 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर बताइए कि हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

II रात के समय कवि किससे बातें कर रहा है और क्यों ?

III 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए।

**प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए– 2X3=6**

I फ्रीडा लारेंस कौन थीं ? उनका कौन–सा कथन उनके पति को प्रकृति प्रेमी सिद्ध करता है ?

II सालिम अली चौधरी चरण सिंह से मिलने क्यों गए थे ?

III 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर सालिम अली के किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।

——0——